भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: 90

08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

***90. श्री प्रिंस राज:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत बिहार में स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास पर खर्च की गई निधियों का वित्तीय वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार में उक्त मिशन के अंतर्गत कितने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र (एचडब्ल्यूसी) स्थापित किए गए हैं/स्थापित किए जाने की संभावना है;

(ग) इस मिशन के अंतर्गत एचडब्ल्यूसी की स्थापना और उन्नयन हेतु दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिहार के समस्तीपुर और दरभंगा में कितने एचडब्ल्यूसी स्थापित किए गए हैं/स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

08 दिसंबर, 2023 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 90 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ): आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन (एबीडीएम) एक केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम है जिसका परिव्यय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 5 वर्ष के लिए 1600 करोड़ रु. है। एबीडीएम का कारगर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को एबीडीएम परितंत्र के अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य डिजीटल स्वास्थ्य कार्यक्रमों/ समाधानों को एकीकृत करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ मानव संसाधन, सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) और क्षमता निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। एबीडीएम के तहत, बिहार राज्य को वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, 1.77 करोड़ रु. जारी किए गए और वित्त वर्ष 2023-24 में अभी तक 0.99 करोड़ रु. जारी किए गए हैं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उनकी सरकारी स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार रिकॉर्ड ऑफ प्रोसीडिंग्स (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों के लिए अनुमोदन प्रदान करती है।

बिहार राज्य के लिए अनुमोदित किए गए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों) की कुल संख्या 10,690 है। फिलहाल, बिहार राज्य में 10,312 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले ही स्थापित कर दिए गए हैं जिनमें समस्तीपुर जिले में 352 तथा दरभंगा जिले में 301 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र के माध्यम से दी जाने वाली आयुष्मान भारत व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या संबंधी प्रचालनात्मक दिशा-निर्देश निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं:

https://nhsrcindia.org/sites/default/files/2021-03/Operational%20Guidelines%20For%20Comprehensive%20Primary%20Health%20Care%20through%20Health%20and%20Wellness%20Centers.pdf

*****